an>

Title: Regarding inundation casued by Gandak river in Hazipur, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र बाल्मीकि नगर नेपाल से सटा हुआ है, पहाड़ी इलाका है, छोटी-छोटी नदी बहुत बड़ी नदी का रूप ले लेती है। गंडक नदी बाल्मीकि नगर से शुरू होकर हाजीपुर तक जाती है। इस नदी में हमेशा पानी रहता है। इसमें कटाव इतनी जबर्दस्त है कि लाखों एकड़ जमीन का नुकसान प्रत्येक साल होता है। बगहा नगर परिषद क्षेत्र इसके धार पर है, इसका कब अस्तित्व समाप्त हो जाएगा, इसका कोई अंदाजा नहीं है। अतः मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस पर रिंग बांध और कटाव निरोधक काम कराकर वहां के किसानों के लिए काम करें, जैसे जोगापट्टी ब्लॉक से लेकर गोपालगंज और बेतिया तक कटाव निरोधक काम कराकर इसको सुरक्षित किया जाए। यही मेरा निवेदन है।